NEERAJ®

# भारत में सामाजिक संरचनाओं का युगों से होता हुआ विकास

# Evolution of Social Structures in India Through the Ages

## M.H.I.-6

**Chapter Wise Reference Book Including Solved Sample Papers**

By: *Dr. V.B. Singh,* M.A. (History, Sociology, Political Science)

*Based on*

## I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

Serving Education for Last 40 Years

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

**Retail Sales Office:**
1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail: info@neerajbooks.com
Website: www.neerajbooks.com

MRP ₹ 400/-

**Published by:**

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajbooks.com**
*Website*: **www.neerajbooks.com**

| **Reprint Edition with Updation of Sample Question Papers Only** | *Typesetting by: Competent Computers* | *Printed at: Novelty Printer* |
|---|---|---|

***Notes:***

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and up-to-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/ University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## *Get Books by Post (Pay Cash on Delivery)*

*If you want to Buy NEERAJ BOOKS for IGNOU Courses then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com . where you can select your Required NEERAJ IGNOU BOOKS after seeing the Details of the Course, Name of the Book, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ IGNOU BOOKS.*

*While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the Various "Special Discount Schemes" being offered by our Company at our Official website www.neerajbooks.com.*

*We also have "Cash of Delivery" facility where there is No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through "Cash on Delivery" service (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 3-4 days after we receive your order and it takes Nearly 4-5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 8-9 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***

***Mob.: 8510009872, 8510009878***

*E-mail:* **info@neerajbooks.com** *Website:* **www.neerajbooks.com**

# CONTENTS

## भारत में सामाजिक संरचनाओं का युगों से होता हुआ विकास
## ( Evolution of Social Structures in India through the Ages )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| ***Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved)*** | **1** |
| ***Question Paper—December, 2019 (Solved)*** | **1** |
| ***Question Paper—June, 2019 (Solved)*** | **1-2** |
| ***Question Paper—December, 2018 (Solved)*** | **1** |
| ***Question Paper—June, 2018 (Solved)*** | **1-2** |
| ***Question Paper—December, 2017 (Solved)*** | **1-2** |
| ***Question Paper—June, 2017 (Solved)*** | **1-4** |
| ***Question Paper—December, 2016 (Solved)*** | **1-4** |
| ***Question Paper—June, 2016 (Solved)*** | **1-4** |
| ***Question Paper—December, 2015 (Solved)*** | **1-2** |
| ***Question Paper—June, 2015 (Solved)*** | **1-3** |
| ***Question Paper—June, 2014 (Solved)*** | **1-2** |
| ***Question Paper—June, 2013 (Solved)*** | **1** |
| ***Question Paper—June, 2012 (Solved)*** | **1** |
| ***Question Paper—June, 2011 (Solved)*** | **1** |
| ***Question Paper—June, 2010 (Solved)*** | **1** |


| *S.No.* | ***Chapterwise Reference Book*** | ***Page*** |
|---|---|---|


**प्रस्तावना**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | प्राचीन समाज का पुनर्निर्माण : स्रोतों का विशेष संदर्भ<br>( Reconstruction of Ancient Society: Special Reference to Sources ) | **1** |
| **2.** | शिकार-संग्रहण, प्रारंभिक कृषि समाज, पशुचारण<br>( Hunting–Gathering, Primitive Agricultural Society, Cattle Pasturing ) | **8** |
| **3.** | हड़प्पा की सभ्यता और अन्य ताम्रपाषाण संस्कृतियाँ<br>( Harappan Culture and Other Copper Age Cultures ) | **17** |

**संक्रमणाधीन संस्कृतियाँ**

| | | |
|---|---|---|
| **4.** | वैदिक साहित्य में समाज<br>( Society in Vedic Literature) | **26** |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 5. | लौह युगीन संस्कृतियाँ<br>( Iron Age Cultures ) | 35 |
| 6. | उत्तर भारत में सामाजिक-धार्मिक हलचल : बौद्ध धर्म और जैन धर्म<br>( Socio-Religious Stir in North India: Buddhism and Jainism ) | 45 |
| 7. | मध्य और प्रायद्वीपीय भारत में बौद्ध धर्म का अभ्युदय<br>( Rise of Buddhism in Central and Subcontinental India ) | 62 |
| | **प्रारंभिक एतिहासिक समाज : छठी शताब्दी ई.पू. से चौथी शताब्दी ईसवी तक** | |
| 8. | शहरी वर्ग : व्यापारी और शिल्पकार, खेतिहर बस्तियों का विस्तार<br>( Urban Class: Traders and Craftsmen, Expansion of Agricultural Dwellings ) | 70 |
| 9. | चैत्य, विहार और उनका आदिवासी समूहों के साथ अंत:संपर्क<br>( Chaitya, Vihar and their Inter-relationship with Natives ) | 78 |
| 10. | प्रारंभिक तमिल समाज : क्षेत्र और उनकी संस्कृतियाँ और वीर पूजा की परम्परा<br>( Primary Tamil Society: Areas and their Cultures and Tradition of Hero Worship ) | 84 |
| 11. | विवाह और पारिवारिक जीवन, अस्पृश्यता की धारणाएँ, वर्ण और जाति के बदलते स्वरूप<br>( Marriage and Family Life, Concepts of Untouchability, Changing Forms of Varna and Caste ) | 94 |
| | **प्रारंभिक मध्यकालीन समाज** | |
| 12. | प्रारंभिक मध्यकालीन समाजों में परिवर्तन<br>( Changes in Primary Medieval Societies ) | 105 |
| 13. | शहरों के पतन की समस्या : कृषि का विस्तार, भूमि अनुदान और मध्यस्थों का विकास<br>( The Problem of Urban Decay: Expansion of Farming, Land Grant and Development of Intermediaries ) | 114 |
| 14. | वर्णों और जातियों का प्रसार और सुदृढ़ीकरण<br>( Expansion and Strengthening of Varnas and Castes ) | 122 |
| 15. | समाज में धर्म ( Religion in Society) | 131 |
| | **मध्यकालीन समाज-1** | |
| 16. | ग्राम समुदाय ( Village Community ) | 141 |
| 17. | ग्रामीण समाज : उत्तर भारत ( Rural Society: North India ) | 150 |
| 18. | ग्रामीण समाज : प्रायद्वीपीय भारत ( Rural Society: Continental India ) | 165 |
| | **मध्यकालीन समाज-2** | |
| 19. | पश्चिम भारत में वंश और राज्य संघ ( Dynasty and State Unions in Western India ) | 186 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| **20.** | उत्तर भारत में सामाजिक वर्ग<br>( Social Class in Northern India ) | **196** |
| **21.** | प्रायद्वीपीय भारत में बदलता हुआ सामाजिक ढाँचा<br>( Changing Social Structure in Sub-continental India ) | **210** |
| **22.** | सामाजिक-धार्मिक आन्दोलन<br>( Socio-Religious Movements ) | **223** |
| **23.** | अठारहवीं शताब्दी का समाज : संक्रमण काल<br>( Eighteenth Century Society: Transitional Period ) | **242** |
| | **आधुनिक समाज** | |
| **24.** | भारतीय सामाजिक संरचना के विषय में राष्ट्रवादियों और समाज-सुधारकों की धारणाएँ<br>( Conceptions of Nationalists and Social Reformers about Indian Social Structure) | **249** |
| **25.** | नए ऐतिहासिक सन्दर्भ में जातियों का अध्ययन<br>( Study of Castes in New Historical Reference ) | **259** |
| **26.** | ग्रामीण-शहरी गतिशीलता का स्वरूप : समुद्र पार प्रवसन<br>( Nature of Rural–Urban Mobilisation: Emigration Across Ocean ) | **270** |
| **27.** | **शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संरचना**<br>( Social Structure in Urban and Rural Areas ) | **278** |
| | **उपनिवेशवाद के अंतर्गत सामाजिक मुद्दे** | |
| **28.** | औपनिवेशिक वन नीतियाँ और आपराधिक जनजातियाँ<br>( Colonial Forest Policies and Criminal Tribes ) | **286** |
| **29.** | उपनिवेशवाद में महिलाओं की स्थिति<br>( The Position of Women During Colonialism ) | **293** |
| **30.** | सामाजिक भेदभाव<br>( Social Discrimination ) | **299** |
| **31.** | जन विरोध और सामाजिक संरचनाएँ<br>( Public Opposition and Social Structures ) | **307** |
| **32.** | उपनिवेशवाद के अधीन जनजातियों का अध्ययन<br>( Study of Tribes under Colonialism ) | **315** |


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

**Exam Held in**

**February – 2021**

*(Solved)*

## भारत में सामाजिक संरचनाओं का युगों से होता हुआ विकास

**M.H.I.-6**

## (Evolution of Social Structures in India through the Ages)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम* ***दो*** *प्रश्न अवश्य कीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

### खण्ड–I

**प्रश्न 1. प्रारम्भिक खाद्य उत्पादक समाजों (नवपाषाण) के स्थानिक पैटर्न को चिह्नित कीजिए। प्रारम्भिक कृषक तथा आखेटक समाजों की सामाजिक संरचनाएँ क्या थीं?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-14, प्रश्न 4, पृष्ठ-15, प्रश्न 5 तथा पृष्ठ-11, प्रश्न 2

**प्रश्न 2. वैदिक ग्रंथों में अनुष्ठानों की भूमिका तथा महत्त्व की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-27, 'कर्मकांड और उनका महत्व' तथा पृष्ठ-31, प्रश्न 4

**प्रश्न 3. लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में सामाजिक-धार्मिक चेतना की हलचल के उफान के प्रभाव में नवीन विचारों और विचारधाराओं सम्बन्धी स्कूलों के उदय की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-48, प्रश्न 3

**प्रश्न 4. छठी शताब्दी ईसा पूर्व से चौथी शताब्दी के मध्य श्रेणियों के उदय का परीक्षण कीजिए। उनकी संरचना तथा संगठन क्या था?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-73, प्रश्न 2

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**(क) भारतीय इतिहास में कालानुक्रम**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-106, 'कालावधिकरण का मुद्दा'

**(ख) प्रारम्भिक मध्यकाल में नगरीय पतन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-118, प्रश्न 2

**(ग) जातियों का प्रादुर्भाव**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-129, प्रश्न 2

**(घ) मंदिर तथा उनकी भूमिका**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-15, पृष्ठ-136, अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न 1

### खण्ड–II

**प्रश्न 6. ग्रामीण समाजों में इतिहास पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-154-156, प्रश्न 2, पृष्ठ-159, प्रश्न 2

**प्रश्न 7. राजपूत राजवंशों के निर्माण की प्रक्रिया के अध्ययन सम्बन्धी विभिन्न विचारधाराओं का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ-187, प्रश्न 1

**प्रश्न 8. औपनिवेशिक काल में पूँजीपति वर्ग के विकास पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-27, पृष्ठ-279, प्रश्न 1

**प्रश्न 9. 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स अधिनियम की प्रमुख धाराओं को सूचीबद्ध कीजिए। उसका क्या प्रभाव पड़ा?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-28, पृष्ठ-289, प्रश्न 3

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**(क) पंच/पंच मुकद्दम**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-16, पृष्ठ-145, 'पंच या पंच मुकद्दम'

**(ख) वलंगई-इडंगई समूह**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-21, पृष्ठ-216, 'वलंगई-इडंगई समूह (दक्षिणपंथी वामपंथी जातियाँ)'

**(ग) शंकराचार्य और अद्वैतदर्शन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-22, पृष्ठ-228, 'शंकराचार्य और अद्वैतदर्शन (788-820 ई.)'

**(घ) संथाल विद्रोह**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-31, पृष्ठ-313, प्रश्न 2 'संथाल विद्रोह'

■■

# QUESTION PAPER
## ( December – 2019)

### ( Solved )

## भारत में सामाजिक संरचनाओं का युगों से होता हुआ विकास
**M.H.I.-6**

## (Evolution of Social Structures in India through the Ages)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग में से कम-से-कम **दो** प्रश्न अवश्य कीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

### भाग–अ

**प्रश्न 1. हड़प्पा की सामाजिक संरचना क्या थी?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-18, प्रश्न 1

**प्रश्न 2. लगभग प्रथम सहस्त्राब्दि में लौह तकनीकी की शुरूआत की चर्चा कीजिए। इसका क्या प्रभाव पड़ा?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-35, 'सारांश'

**प्रश्न 3. चैत्य तथा विहारों के स्थानिक फैलाव का वर्णन कीजिए। चैत्यों तथा जनजातीय समाजों के मध्य क्या संबंध थे?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-79, 'चैत्य और विहार : संगठित धर्म की अभिव्यक्तियां'

**प्रश्न 4. भारतीय इतिहास में सामन्तवाद संबंधी बहस का आलोचनात्मक परीक्षण कीजए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-116, प्रश्न 1

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

***(a)* गणसंघ**

**उत्तर–**गणसंघ इन राज्य की परिधि के चारों ओर हिमालय की तलहटी में और उत्तर पश्चिम तथा पश्चिम भारत में विस्तृत थे। ये कम उपजाऊ पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित थे। इससे यह संकेत मिलता है कि उनकी स्थापना राज्यों की ओर संक्रमण से पूर्व हो गयी थी। इसका कारण यह था कि मैदानों के दलदली जंगलों की अपेक्षा इस क्षेत्र की सफाई अधिक सरल रही होगी। यह भी सम्भव है कि मैदानों में निवास करने वाले अपेक्षाकृत अधिक स्वतन्त्र विचारों वाले व्यक्तियों ने पहाड़ियों पर जाकर नवोदित, परंपरावादी, शक्तिशाली राज्यों के विपरीत समतावादी परंपराओं का निर्वाह करते हुए समुदायों को स्थापित कर लिया। गणसंघों द्वारा वैदिक सत्ता को अस्वीकार करना और ब्राह्मणी स्रोत्तों में इन गणसंघों के सामान्य नकार से यह संकेत मिलता है कि वे एक वैकल्पिक परंपरा को चला रहे होंगे।

**इसे भी देखें–संदर्भ–**अध्याय–7, पृष्ठ 60, '(1) गणसंघ'

***(b)* जैन धर्म**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-51, 'जैन धर्म'

***(c)* पथ्थूपट्टू**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-87, '2. पथ्थुपत्तु'

***(d)* काल विभाजन संबंधी बहस**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-107, प्रश्न 2

### भाग–ब

**प्रश्न 6. मध्यकालीन ग्रामीण समाज में जाति की क्या भूमिका थी?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-156, प्रश्न 3

**प्रश्न 7. मध्यकाल में प्रायद्वीपीय भारत की परिवर्तित सामाजिक संरचना का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-21, पृष्ठ-212, प्रश्न 1

**प्रश्न 8. औपनिवेशिक काल में पूंजीपति वर्ग के उदय तथा विकास का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-27, पृष्ठ-279, प्रश्न 1

**प्रश्न 9. 19वीं शताब्दी में महिलाओं की स्थिति में आए सामाजिक परिवर्तन तथा सुधारों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-29, पृष्ठ-294, प्रश्न 1

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

***(a)* आचार्य**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-22, पृष्ठ-230, 'सामाजिक-धार्मिक आंदोलन : आचार्यों की भूमिका'

***(b)* पंच/पंच मुकद्दम**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-16, पृष्ठ-145, प्रश्न 2 (पंच या पंच मुकद्दम)

***(c)* मध्यकाल में मध्यम वर्ग**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-27, पृष्ठ-284, 'मध्यम वर्ग'

***(d)* औपनिवेशिक काल में कानून बनाम रीति-रिवाज संबंधी बहस**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-28, पृष्ठ-292, प्रश्न 3

■■

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# भारत में विभिन्न युगों के दौरान सामाजिक संरचना का विकास
# ( EVOLUTION OF SOCIAL STRUCTURE IN INDIA THROUGH THE AGES )

प्रस्तावना

## प्राचीन समाज का पुनर्निर्माण : स्रोतों का विशेष संदर्भ

## ( Reconstruction of Ancient Society: Special Reference to Sources )

1

### प्रस्तावना

इस अध्याय का प्रमुख उद्देश्य प्राचीन समाज के स्रोतों की जानकारी देना है। अत: यह आवश्यक है कि सर्वप्रथम प्राचीन समाज के अर्थ की व्याख्या की जाए, तत्पश्चात् इससे सम्बन्धित एक रूपरेखा बनाई जाए। इस सम्बन्ध में व्याख्यात्मक क्षेत्र के एक प्रकार के इतिहास लेखन (historiography) के विषय में जानना भी आवश्यक है।

एक अच्छी सोच को सरल व बोधगम्य बनाने के उद्देश्य से यह इकाई उपइकाइयों में बंटी हुई है। इसकी प्रस्तावना में स्रोतों के लिए प्रयोग की जाने वाली विभिन्न व्याख्याओं की चर्चा हुई है। यह तथ्य भी विचार करने योग्य है कि प्राय: स्रोत स्वाभाविक रूप से व्याख्यात्मक से लगते हैं। इस विषय में स्रोतों की जटिलता को भी समझा गया है। तत्पश्चात् प्राचीन समाज व उसके अर्थ की विवेचना की गई है। प्रस्तुत चर्चा का विषय-क्षेत्र भिन्न-भिन्न क्षेत्रों व पुरातत्व से मौखिक परम्पराओं या जनश्रुतियों तक विभिन्न स्रोतों तक विस्तृत है। अंत में कुछ निष्कर्ष भी दिए गए हैं।

### सारांश

निम्नलिखित स्रोतों से प्राचीन समाज की सामाजिक संरचनाओं के पुनर्निर्माण में सहायता मिलती है।

**पुरालेखविद्या** (Epigraphy)–पुरालेखविद्या के अंतर्गत अभिलेखों का अध्ययन किया जाता है। पुरालेखीय प्रमाणों को प्राचीन इतिहास के सर्वाधिक विश्वसनीय स्रोतों में गिना जाता है। ये लेख निम्न पर उत्कीर्ण हैं–

*(i)* पाषाण कलकों पर,
*(ii)* धातु की प्लेट पर,
*(iii)* स्तम्भ व गुफाओं की दीवारों पर।

इनके कुछ उदाहरण निम्न प्रकार हैं–

*(i)* अशोक के शिलालेख
*(ii)* समुद्रगुप्त तथा रुद्रदमन प्रथम के स्तम्भ (धार्मिक व प्रशासनिक अभिलेख)
*(iii)* मंदसौर के ताम्रपट्ट
*(iv)* गोरखपुर जिले का सोहगोरा पट्ट
*(v)* महेन्द्र वर्मन का आइहोल अभिलेख
*(vi)* चोल शासकों के उत्तिरामेरूर अभिलेख।

**मुद्राशास्त्र** (Numismatics)–मुद्राशास्त्र के अंतर्गत सिक्कों का अध्ययन किया जाता है। सोना-चाँदी तथा ताँबे से निर्मित सिक्के उस काल की आर्थिक स्थिति बताते हैं। सिक्कों से कालक्रम सम्बन्धी अन्य जानकारी भी प्राप्त होती है। इनसे किसी राज्य विशेष का अथवा शासक का दूरस्थ देशों के साथ उसके सम्बन्धों के बारे में भी पता चलता है। उदाहरणार्थ, जोगलथंबी के सिक्कों से सातवाहनों के पौराणिक विवरणों की पुष्टि होती है।

**पुरातत्व** (Archaeology)–पुरातत्व के अंतर्गत अतीत के भौतिक अवशेषों का अध्ययन किया जाता है, जैसे–इमारतें, स्मारक, बर्तन, मिट्टी के पात्र, मुहरें, कंकाली अवशेष आदि। उदाहरणार्थ, अजन्ता व एलोरा के पत्थरों में तराशे मंदिरों, उनकी मूर्तियों व चित्रों से उस काल की कलात्मक उत्कृष्टता के सम्बन्ध में पता चलता है।

**साहित्य** (Literature)–साहित्य में वेद, ब्राह्मण, अरण्यक, उपनिषद, रामायण व महाभारत सम्मिलित हैं।

बौद्ध तथा जैन साहित्य से हमें समकालीन प्रचलित परम्पराओं की जानकारी प्राप्त होती है। इसमें हमें विभिन्न राजाओं के संगीत, नृत्य, चित्रकला, वास्तुशिल्प व प्रशासन के विषय में ज्ञान प्राप्त होता है।

**व्याख्या**–ऐतिहासिक समस्याओं पर विचार-विमर्श केवल खुले मस्तिष्क से ही हो सकता है। इतिहासकार अभी तक अज्ञात तथ्यों पर आधारित विश्लेषण की एक नवीन रूपरेखा का प्रयोग करता है। वह अतीत के ज्ञान की खोज में जिस प्रणाली का प्रयोग करता है वह वास्तव में उसी समय प्रामाणिक होती है, जब उस पद्धति का प्रयोग उपयुक्त तरीके से होता है।

भारत के इतिहास के प्रारम्भिक आधुनिक लेखन का विषय भारत के अतीत का औपनिवेशिक निर्माण है। औपनिवेशिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय इतिहास लेखन की दो धाराएँ थीं–

1. उपयोगितावादी धारा (Utilitarian Theory)
2. प्राच्य स्वेच्छाचारिता (Oriental Despotism)

**1. उपयोगितावादी परिप्रेक्ष्य (Utilitarian Theory)**–आधारभूत रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में अपरिवर्तनीय समाज का चित्र प्रस्तुत किया गया था। इसमें यह भी कहा जाता था कि इस पिछड़े समाज को विधान के द्वारा परिवर्तित किया जा सकता है। जेम्स मिल ने भारतीय समाज के नकारात्मक पक्ष पर बल दिया। उन्होंने भारतीय इतिहास को हिन्दू तथा मुस्लिम युगों से विभाजित किया। यह वस्तुत: औपनिवेशिक दृष्टिकोण का एक उदाहरण है।

भारतीय इतिहासकारों ने इस व्याख्या को बिना किसी समीक्षा के अपना लिया। इस प्रकार भारतीय इतिहास को धार्मिक पहचान में निहित रूढ़-धारणाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से देखा जाता है। समाज या राजतंत्र का कोई भी पद इस धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं बच सका।

**2. प्राच्य स्वेच्छाचारिता** (Oriental Despotism)–इस सिद्धांत में एक ऐसी शासन प्रणाली का समर्थन किया गया है, जिसके शिखर पर निरंकुश सत्ता वाला एक स्वेच्छाचारी शासक हो या निम्नतम स्तर पर आत्मनिर्भर गाँव हों। गाँवों के द्वारा उत्पन्न अधिशेष को स्वेच्छाचारी शासक तथा उसके दरबार के आधिपत्य में चले जाना था।

कालान्तर से भारत के अतीत पर अधिक वैज्ञानिक विधि से राष्ट्रवादियों तथा मार्क्सवादियों ने अध्ययन किया। उन्होंने अतीत सम्बन्धी इस सुधार विरोधी दृष्टिकोण को अस्वीकार कर दिया।

1960 व 1970 के दशकों से पूर्व भारतीय इतिहास व्यापक रूप से राजवंशों से सम्बन्धित जानकारी तथा गौरवशाली कर्मों के बखान तक ही सीमित था। अब यह समाज सुधारों के एक व्यापक आधार वाले अध्ययन के रूप में आ गया। इसमें निम्नलिखित पर ध्यान केन्द्रित किया गया–

*(a)* धार्मिक आन्दोलन,
*(b)* अर्थव्यवस्था के स्वरूप,
*(c)* सांस्कृतिक अभिव्यक्ति,

भारत की बहुविधता के विभिन्न पक्षों तथा इसकी विविध संस्कृतियों को उस पच्चीकारी में स्थान मिला, जिसका निर्माण शनै: शनै: किया जा रहा था। ये संस्कृतियाँ निम्न प्रकार थीं–

*(a)* वनवासी संस्कृति
*(b)* झूम खेतिहर संस्कृति,
*(c)* चरवाहा संस्कृति,
*(d)* किसान संस्कृति,
*(e)* कारीगर से लेकर सौदागर तक की संस्कृति,
*(f)* अभिजात वर्ग संस्कृति, और
*(g)* कर्मकांड तथा विश्वास के विशेषज्ञों की संस्कृति।

**प्राचीन समाज : मानव विज्ञानी पठन**–भारत की यूनान में छठी तथा चौथी शताब्दी पूर्व के मध्य बनी छवि निम्न प्रकार थी–

*(i)* विशाल देश, जिसमें विलक्षण पशु और विचित्र राष्ट्र तथा जनजातियाँ बसती हैं।
*(ii)* जो इतना अधिक गरम है कि अपने सामान्य आकार से दस गुना बड़ा दिखाई पड़ता है।
*(iii)* इसमें महाकाय हाथी, साँप, बहुरंगी मोर व तोते, भयंकर सियार तथा मानव सरीखे बन्दर घूमते हैं।
*(iv)* इसमें उत्तरी भाग में निवास करने वाले मिस्रवासियों की भाँति लम्बे व मोटे हैं, जबकि दक्षिणी भाग में निवास करने वाले इथियोपियावासियों की भाँति हैं।
*(v)* देश के शेष हिस्सों में खानाबदोश जनजातियाँ बिखरी हैं, जिनमें निम्न सम्मिलित हैं–बौने, नरभक्षी, वक्षरहित रणचंडियाँ, नाकविहीन पुरुष, पाँच फैथम लम्बे दैत्य व सिरविहीन लोग।

उपर्युक्त छवि है भारत की, जो यूनान में छठी और चौथी शताब्दी ई.पू. के बीच बनी। यह रोमनों तक उस समय पहुँची, जब उन्होंने प्राचीन भूमध्यसागरीय लोक के केन्द्र के रूप में यूनानियों को पछाड़ा। इसके मुख्य स्रोत चार व्यक्तियों के लेखन में निहित हैं-

1. करयांदा का स्काइलैक्स, जो फारस के शासक डेरियस द्वारा 515 ई.पू. के आसपास उसके धुर पूर्वी प्रांत सिंधु घाटी की टोह लेने के लिए भेजा गया एक यूनानी अधिकारी था।
2. हिरोडोटस, जिसने आधी शताब्दी बाद भारत के विषय में फारस की लड़ाइयों से संबंधित अपनी प्रसिद्ध कृति 'दि हिस्ट्रीज' में लिखा था।
3. नाइडस का नीजिअस, जो हिरोडोटस का आलोचक था।
4. मौर्य शासकों के दरबार में यूनानी दूत मेगस्थनीज, जो गंगा के मैदान में रहता था और जिसने सिकन्दर महान के आक्रमण के बाद 300 ई.पू. के आसपास भारतीय संस्थाओं और प्रथाओं के विषय में लिखा था।

'जनजाति' एक अस्थिर श्रेणी नहीं है, जिसका प्रयोग राज्य-समाज, स्थानीय-राष्ट्रीय और राष्ट्रीय-भूमंडलीय क्षेत्रों, जैसे-सत्ता संबंधों के विविध संजालों के भीतर बनाया गया है। जनजाति को विभिन्न प्रकार से स्वदेशी, आदिवासी, आदिम, अविकसित, शक्तिवंचित और सीमांत के रूप में परिभाषित किया गया है। उदाहरण के तौर पर, किसी आम ताम्रपाषाण युगीन बस्ती की खुदाई होने पर एक संरचित स्तर-क्रम में विभिन्न किस्म की दस्तकारी सामने आएँगी, जैसे–मिट्टी के बर्तन, जानवरों की अस्थियाँ, अनाज, शवाधान और अन्य अनेक वस्तुएँ। उस सामग्री से कोई अर्थ निकालने के उद्देश्य से हमें इसका विश्लेषण उस संदर्भ में करना होता है, जिस संदर्भ में इसे निकाला गया था।

## अभ्यास-प्रश्न

**प्रश्न 1. भारत के अतीत के पठन के विभिन्न स्रोतों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर**–भारत के अतीत के पठन के विभिन्न स्रोत निम्न प्रकार हैं–

**1. पुरालेखविद्या**–पुरालेखविद्या (Epigraphy) के अंतर्गत अभिलेखों का अध्ययन होता है। पुरालेखीय प्रमाण प्राचीन इतिहास के सर्वाधिक विश्वसनीय स्रोत हैं।

अभिलेख निम्न पर उत्कीर्ण होते हैं–

*(i)* पाषाण फलकों पर
*(ii)* धातु की प्लेटों पर
*(iii)* स्तम्भों और गुफाओं की दीवारों आदि पर

ये अभिलेख विभिन्न स्थानों और कालों में विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुत होते हैं। कतिपय अभिलेखों में समकालीन राजनीतिक और धार्मिक गतिविधियों का विवरण होता है। कतिपय अन्य अभिलेख सरकारी स्मारक और ऐतिहासिक होते हैं।

**प्रमुख अभिलेख**–

*(i)* अशोक के शिलालेख
*(ii)* समुद्रगुप्त और रूद्रदमन प्रथम के स्तम्भ धार्मिक और प्रशासनिक अभिलेख हैं।
*(iii)* दिल्ली और बरहमपुर के द्विभाषिक अभिलेख
*(iv)* पुडुकोट्टे में मिले संगीत के नियम
*(v)* चित्तौड़ के एक बुर्ज पर उत्कीर्ण पुरातत्व सम्बन्धी लेख।

**उपयोग**–

(1) धातु की प्लेटों पर उत्कीर्ण अभिलेख ऐतिहासिक काल पर प्रकाश डालते हैं, जैसे–
  *(i)* मंदसौर के ताम्रपट्ट
  *(ii)* गोरखपुर जिले का सोहगोरा पट्ट
  *(iii)* महेन्द्र वर्मन का आइहोल अभिलेख
  *(iv)* चोल शासकों के उत्तिरामेरूर (Uttiramerur) अभिलेख

(2) कतिपय अभिलेख व्यापार, करों और मुद्रा पर प्रकाश डालते हैं।

(3) कुछ शक और विक्रम संवत के अभिलेख भारत की सामाजिक स्थिति पर प्रकाश डालते हैं। इसके अतिरिक्त राज्यों और साम्राज्य की सीमाओं के बारे में जानकारी देते हैं।

(4) पुरालेख विगत जीवन, समाज और अर्थव्यवस्था की प्रकृति और सामान्य जीवन स्थितियों पर प्रकाश डालते हैं। दक्षिण भारतीय संदर्भ में हीरो पाषाणों पर मिले अभिलेखों से हमें पशुचारण अर्थव्यवस्था के एक भिन्न पक्ष के सम्बन्ध में ज्ञात होता है।

**2. मुद्राशास्त्र**–मुद्राशास्त्र (Numismatics) के अंतर्गत सिक्कों का अध्ययन किया जाता है–

(1) सोना, चाँदी और ताँबे से निर्मित सिक्के समकालीन आर्थिक स्थिति बताते हैं।

(2) कालक्रम संबंधी कुछ अन्य मुद्दों की जानकारी देते हैं।

(3) किसी राज्य विशेष अथवा शासक तथा दूरस्थ क्षेत्रों के साथ उसके सम्बन्धों की जानकारी प्रदान करते हैं, जैसे–
  *(i)* भारत में मिले रोमन सिक्कों से हमें रोमन साम्राज्य के साथ संबंधों के बारे में विदित होता है।
  *(ii)* सौराष्ट्र के पश्चिमी क्षत्रप के सिक्कों पर उत्कीर्ण चित्र और आकृतियाँ, यूनानी कला और तिथियाँ इस काल के अध्ययन हेतु उल्लेखनीय स्रोत हैं।
  *(iii)* जोगलथंबी के सिक्के सातवाहनों के पौराणिक विवरणों का समर्थन करते हैं।
  *(iv)* गुप्त साम्राज्य में सोने तथा चाँदी के सिक्कों का प्रसार गुप्त शासकों के राज्य में सुदृढ़ आर्थिक स्थिति को परिलक्षित करता है।

**3. पुरातत्व**–पुरातत्व (Archaeology) के अंतर्गत अतीत के भौतिक अवशेषों का अध्ययन होता है।

(1) इनमें इमारतें, स्मारक और अन्य भौतिक अवशेष सम्मिलित होते हैं, जिनसे समकालीन निवासी सम्बन्धित थे।

(2) बर्तन, मिट्टी के पात्र, मुहरें, कंकाली अवशेष आदि भी उस संदर्भ के पुनर्निर्माण के अभिन्न अंग होते हैं।

लॉर्ड कर्जन ने डॉ. मार्शल के महानिदेशकत्व में पुरातत्व विभाग स्थापित किया था, जिसके द्वारा निम्नलिखित स्थानों पर खुदाई की गयी–

*(i)* सिंधु नदी की घाटी
*(ii)* गुजरात के लोथाल
*(iii)* राजस्थान में कालीबंगा
*(iv)* सिंध और पंजाब में विभिन्न स्थल

उपर्युक्त खुदाइयों से प्राप्त सामग्री से लगभग 2700 ईसा पूर्व के आसपास की सभ्यता के सम्बन्ध में जानकारी मिलती है।

**उपयोगिता**–1. तक्षशिला में की गयी खुदाई से कुपाषाणों के सम्बन्ध में ज्ञान प्राप्त होता है।

2. भारत और विदेशों में खुदाई में मिले स्मारकों की समानता से विभिन्न क्षेत्रों के मध्य सम्बन्धों का प्रमाण प्रस्तुत होता है।

3. दक्षिण भारत में आदिचनल्लूर, चन्द्रावल्ली, ब्रह्मगिरी आदि स्थलों की खुदाई से प्रागैतिहासिक युगों पर प्रकाश पड़ता है। अजंता और एलोरा के पत्थरों में तराशे मंदिरों, उनकी मूर्तियों और चित्रों से समकालीन कलात्मक उत्कृष्टता विदित होती है।

**4. साहित्य**–प्राचीन काल में साहित्य की रचना इतिहास के संरक्षण के उद्देश्य से न होकर पूजा के नियमों और अनुभवों की जटिलता में प्रस्तुत होती थी। साहित्य में निम्न सम्मिलित हैं–

| | |
|---|---|
| (1) वेद | (2) ब्राह्मण |
| (3) अरण्यक | (4) उपनिषद |
| (5) रामायण | (6) महाभारत |
| (7) महाकाव्य | (8) बृहद्शास्त्र एवं |
| (9) पुराण | |

बौद्ध और जैन साहित्य से समकालीन परम्पराओं के सम्बन्ध में विदित होता है। इस काल का साहित्य संस्कृत, पालि, प्राकृत में है। यह विभिन्न राजाओं के संगीत, नृत्य, चित्रकला, वास्तुशिल्प और प्रशासन के विषय में जानकारी प्रस्तुत करता है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डालता है। दक्षिण में संगम साहित्य दक्षिण भारतीय जीवन पर प्रकाश डालता है।

**प्रश्न 2. व्याख्या क्यों महत्त्वपूर्ण है? उपयुक्त वातावरण के आलोक में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर**–पुनर्लेखन ऐतिहासिक समस्याओं की विवेचना स्पष्ट रूप से की जा सकती है। इतिहास का पुनर्लेखन एक सतत प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में इतिहासकार निम्नलिखित कार्य करता है–

*(i)* नई प्रणाली अथवा वैचारिक अंतर्दृष्टियों का समावेश करता है।

*(ii)* अभी तक अज्ञात तथ्यों पर आधारित विश्लेषण की एक नवीन रूपरेखा प्रयुक्त करता है।

अतीत के ज्ञान की खोज में इतिहासकार जिस प्रणाली तंत्र को प्रयुक्त करता है, वह उसी स्थिति में प्रमाणिक होता है, जब उसमें विषय की पद्धति का सम्मान होता है। प्रणाली तंत्रों में मूलभूत अंतर होने पर भी वे कुछ साझा आधारभूमियों पर स्थित होते हैं, जो इतिहासकार के शिल्प का क्षेत्र होता है। इतिहास के विद्यार्थी को चाहिए कि वह निश्चित निष्कर्ष प्रस्तुत न कर उन संभावनाओं का संकेत दे, जो साक्ष्य के सही पठन पर आधारित है।

**प्रकार**–प्राचीन इतिहास के अध्ययन को समझाने के लिए तीन प्रकार के स्रोत हैं–

(1) मानव विज्ञानी

(2) पुरातात्विक और

(3) पाठगत स्रोत

(1) स्रोत के मानव विज्ञानी पाठ का सम्बन्ध एक जनजाति के पाठ से है।

(2) पुरातात्विक पाठ में एक ताम्रपाषाणी बस्ती के विषय में विचार है।

(3) पाठगत अध्ययन में ऋग्वेद पर एक पाठगत स्रोत की व्याख्या के संदर्भ में दृष्टिपात किया गया है।

भारतीय इतिहास के प्रारंभिक, आधुनिक लेखन का विषय भारत के अतीत का औपनिवेशिक निर्माण है। यूरोपीय इतिहासकारों ने अध्ययन करते समय भारत के उन इतिहासों की खोज की, जो इतिहास संबंधी उनकी रूढ़ अवधारणा के अनुरूप बैठते, पर उन्हें ऐसा कोई इतिहास नहीं मिला। वे केवल कल्हण की 'राजतरंगिणी' अपने अनुकूल पा सके, जो बारहवीं शताब्दी में लिखा गया कश्मीर का इतिहास है। प्राथमिक तौर पर, औपनिवेशिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय इतिहास लेखन की दो धाराएँ निम्न प्रकार थीं–

**दो धाराएँ**

*(i)* उपयोगितादी और

*(ii)* प्राच्यवादी

इनका विवरण निम्न प्रकार है–

*(i)* उपयोगितावादी परिप्रेक्ष्य में आधारभूत तौर पर भारतीय उपमहाद्वीप में एक अपरिवर्तनशील समाज का तर्क दिया जाता था तथा कहा जाता था कि इस पिछड़े समाज को विधान के द्वारा परिवर्तित किया जा सकता है, जिसे अंग्रेज प्रशासक अन्यथा जड़ और अवनतिशील भारतीय समाज में प्रगति लाने हेतु प्रयुक्त कर सकते थे।

*(ii)* जेम्स मिल ने भारतीय समाज के नकारात्मक पक्षों पर बल दिया यद्यपि मिल द्वारा भारतीय इतिहास को हिन्दू और मुस्लिम युगों में विभाजित किए जाने को प्रायः इस औपनिवेशिक दृष्टिकोण का ही एक उदाहरण बताया जाता है तथापि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जीवन के प्रायः समस्त पक्षों को इस धार्मिक संस्कृति में सम्मिलित किया गया था।

उपर्युक्त दृष्टिकोण का भारतीय इतिहास लेखन पर गहन प्रभाव पड़ा, विभिन्न विचारधाराओं से जुड़े अनेक भारतीय इतिहासकारों ने इस व्याख्या को बिना सोचे-समझे अपना लिया।

इस प्रकार भारत के इतिहास को धार्मिक पहचान में निहित रूढ़ धारणाओं की एक शृंखला के माध्यम से देखा जाता है। समाज अथवा राज्यतंत्र का कोई भी पक्ष इस धार्मिक दृष्टिकोण से अछूता नहीं रह पाया है। सामाजिक तनाव, राजनीतिक लड़ाइयाँ, सांस्कृतिक मतभेद सभी को धार्मिक दृष्टिकोण से देखा गया है, जिन्हें प्राच्य स्वेच्छाचारिता प्राप्त है, उनके लिए प्राच्य स्वेच्छाचारिता के सिद्धांत में निम्न प्रकार की शासन प्रणाली का समायोजन किया गया है–

*(i)* जिसके शिखर पर निरंकुश सत्ता वाला एक स्वेच्छाचारी शासक हो।

*(ii)* निम्नतम स्तर पर आत्मनिर्भर गाँव हों।

*(iii)* उत्पन्न अधिशेष को स्वेच्छाचारी शासक और उसके दरबार के कब्जे में चला जाना हो।

कालान्तर में भारत के अतीत पर अधिक वैज्ञानिक तरीके से विचार किया गया है–

*(i)* पहले राष्ट्रवादियों

*(ii)* तदुपरान्त मार्क्सवादियों ने चिंतन किया।

परिणामतः अतीत सम्बन्धी इस सुधार विरोधी दृष्टिकोण को अस्वीकार कर दिया गया।

अगला चरण 1960 और 1970 के दशकों का है। इसमें भारतीय इतिहास व्यापक रूप में राजवंशों सम्बन्धी जानकारी और गौरवशाली रूप विवरण न होकर समाज सुधारों के एक व्यापक आधार वाले अध्ययन के रूप में आ गया।